

## सड़क पर पलटता ट्रेलर और सोता रहा सिस्टम



**सेंधवा।** शहर के निवाली रोड सिविल अस्पताल चौराहे पर शनिवार सुबह खल-काकड़े से भरा ट्रेलर पलट गया। खेतिया से मनासा जा रहा ट्रेलर मोड़ पर असंतुलित हुआ। हादसे में चालक सुरक्षित रहा, जबकि सड़क पर माल बिखर गया। हादसे के बाद सड़क पर खल-काकड़ा बिखर गया, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित हुआ। ट्रेलर क्रं. आरजे09जीडी5745 पलट गया। शहर के व्यस्ततम मार्ग व सिविल अस्पताल आने-जाने का यह प्रमुख रास्ता है। सुबह यातायात कम होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई व बड़ा हादसा टल गया। ट्रेलर चालक श्यामलाल मीणा ने बताया कि वाहन की गति कम थी। मोड़ पर टर्न लेते समय ट्रेलर के पिछले हिस्से में झोल आ गया। जिससे वाहन पलट गया। उन्होंने बताया कि उन्हें कोई चोट नहीं आई।

## कॉलेज चलो अभियान का किया आयोजन



**निवाली।** नगर के शासकीय महाविद्यालय में कॉलेज चलो अभियान का आयोजन किया प्रो अनारसिंह किराड़े ने बताया कि अभियान अंतर्गत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भ्रमण किया गया। इस दौरान कक्षा 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन, नई शिक्षा नीति 2020, क्रेडिट सिस्टम, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित जानकारी दी गई। विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी शंकाओं का समाधान किया। कई विद्यार्थियों ने कॉलेज में पढ़ाई को लेकर जिज्ञासाएं रखी, जिनका सरल एवं प्रेरक शब्दों में उत्तर दिया गया। अभियान में महाविद्यालय के अन्य स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस पर हुई कार्यशाला



**बड़वानी।** भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय पाटी के कॅरियर सेल एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस पर पारंपरिक ज्ञान से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्व हिंदी दिवस का उद्देश्य पूरे विश्व में हिंदी के प्रति लोगों को जागरूक करना, आधिकारिक प्रसार और भारतीय संस्कृति के महत्व को स्थापित करना है। डॉ मंशाराम बघेल ने हिंदी की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए वैश्विक उपस्थिति और प्रभाव को तथ्यात्मक रूप से प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ परवेज मोहम्मद ने बताया कि हिंदी भारतीय संस्कृति की प्रमुख पोषक और वाहक है। संचालन प्रो राजू ओसारी ने किया। डॉ भारतसिंह चौहान ने आभार व्यक्त किया।

## वर्धमान स्कूल के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



इंदौर. वर्धमान हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित 33वें वार्षिक उत्सव वर्धमान गौरवोत्सव में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन किया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती शीतल टांक (बीएसी, इंदौर शहरी-2) थीं तथा अध्यक्षता डायरेक्टर डीके गांधी ने की. प्राचार्य मोहित गांधी एवं उप-प्राचार्या श्रीमती दर्शना गांधी की उपस्थिति में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुरस्कार प्राप्त किया.

## वीर बाल दिवस पर स्कूली बच्चों ने निकाली रैली

महू. वीर बाल दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद और पंजाबी साहित्य अकादमी, भोपाल की संयुक्त देखरेख में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य वीर बाल शहीदों के अद्वितीय बलिदान को स्मरण कर नई पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति, साहस और त्याग की भावना को मजबूत करना रहा. रैली में बच्चों ने देशभक्ति के नारों और तख्तियों के माध्यम से वीर बाल शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त किया. दोपहर में पंजाबी साहित्य अकादमी, भोपाल के निदेशक इंद्रजीत सिंह खंडूजा ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित किया. शाम को जय गोविन्द गोपीनाथ स्कूल में पंजाबी साहित्य अकादमी, भोपाल के कलाकारों द्वारा वीर बाल दिवस पर आधारित विशेष लाइट एवं साउंड नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया. इसमें साहिबजादों के बलिदान की गाथा को प्रभावशाली ढंग से मंचित किया गया. इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक ऊषा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र अंजना, युवा मोर्चा नगर उपाध्यक्ष पंकज जोशी के साथ ही अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

## सातेर-किशनगंज मार्ग की नई पुलिया पर अंधेरा बना खतरा

महू. सातेर-किशनगंज मार्ग पर नवनिर्मित पुलिया का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और इस पर आम नागरिकों तथा वाहनों की आवाजाही भी शुरू हो गई है. पुलिया के आसपास फिलहाल मिट्टी एवं मुरम डालने का कार्य जारी है, जिससे दिन में तो यातायात सुचारू रूप से चल रहा है, लेकिन रात्रि के समय यहां अंधेरा लोगों के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है. पुलिया तथा उसके आसपास किसी प्रकार की विद्युत व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट या हैलोजन नहीं लगाए गए हैं, जिससे रात में आने-जाने वाले वाहन चालकों को सड़क व पुलिया का सही अनुमान नहीं लग पाता. कई बार वाहन अचानक उबड़-खाबड़ हिस्सों या अधूरे किनारों पर पहुंच जाते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है.

# एसपी ने दी यातायात जागरूकता की समझाइश

## दो पहिया वाहन चालकों से सदैव हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील की



**सेंधवा, (नवभारत)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बड़वानी जगदीश डावर की उपस्थिति में सामाजिक संस्था के नेतृत्व में थाना सेंधवा शहर एवं सेंधवा ग्रामीण पुलिस द्वारा नारायणदास अस्पताल सेंधवा एवं जोगवाड़ा ग्राम में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। उन्होंने हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग पर बल देते हुए दोपहिया वाहन चालकों से सदैव हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील की।

### पालन करने वालों का सम्मान

हेलमेट पहनकर मोटर साइकिल चला रहे आम नागरिकों एवं पुलिस कर्मियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित किया गया।

इससे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित नागरिकों में सकारात्मक संदेश देखने को मिला। बिना हेलमेट वाहन चला रहे मोटर साइकिल चालकों को मौके पर ही हेलमेट प्रदान किए गए और उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई।

### पुलिस कर्मी को भी मिला प्रोत्साहन

जोगवाड़ा रोड पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान थाना सेंधवा शहर में पदस्थ आर 384 गोपाल पटेल को शासकीय कार्य उपरांत हेलमेट पहनकर मोटर साइकिल चलाने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया।

### अधिकारियों की मौजूदगी

कार्यक्रम में एसडीओपी सेंधवा अजय वाघमारे, थाना प्रभारी शहर निरीक्षक बलजीत सिंह बिसेन, क्लब सदस्य, पुलिस स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में वाहन चालक उपस्थित रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर ने कहा यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि स्वयं व परिवार की सुरक्षा का सबसे मजबूत माध्यम है। उन्होंने सुरक्षित और जिम्मेदार वाहन संचालन की अपील की।

**जागरूकता कार्यक्रम**

- यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।
- नागरिकों में सकारात्मक संदेश देखने को मिला।

# कथा में भगवान कृष्ण की लीलाओं का किया वर्णन



**बड़वानी, (नवभारत)।** शहर के रणजीत चौक स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर प्रांगण में 6 जनवरी से 7 दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का वाचन पंडित कुलदीप व्यास ग्राम मोहद तहसील मंडलेश्वर के मुखारविंद से भगवान कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया। श्रद्धालुओं ने कथा सुनकर धर्म, भक्ति व सेवा की महत्ता को समझा, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति की गंगा बही। जिससे आनंद और आध्यात्मिक माहौल छा गया।

कथा का आयोजन प्राचीन शीतला माता मंदिर समिति सदस्यों द्वारा करया जा रहा है। श्रीमद भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 12 से 4 बजे कराई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से भी भक्त कथा का रसपान करने आ रहे हैं। शुक्रवार को भागवत कथा में कथाकार द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया गया। समिति ने भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया। भक्त भजनों पर झूमते हुए कथा का रसपान करते रहे। सदस्य राजू पौराणिक एवं शिवेन्द्र निगम ने बताया कि 11 जनवरी को श्रीराम धाम परमार्थ आश्रम गुलावड़ के पीठाधीश विजयदास महाराज पधार रहे हैं कथा समापन 12 जनवरी को होगी। जिसमें प्रसादी वितरण की जाएगी।

# किताबी ज्ञान ही नहीं वरन व्यवहारिक ज्ञान भी आवश्यक है

**नवभारत न्यूज़**
**सेंधवा, 11 जनवरी.** जीवन शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का भी महत्व है। इस स्कूल से मिली शिक्षा व संस्कार ने ही मुझे यहां तक पहुंचाया है। मेरे व्यक्तित्व की चमक इसी स्कूल की माटी से आई है। इस विद्यालय से मैंने सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं वरन् जीवन का व्यवहारिक पाठ भी सीखा है। यह विचार नेहरू स्मृति हासे स्कूल के दर्पण वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि नेहरू स्कूल के पूर्व छात्र व मैनेजिंग डायरेक्टर, मीनाक्षी ग्रुप, छत्रपति संभाजी नगर, विजय अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहे। साथ ही उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ.साथ खेल-कूद का भी अपना एक महत्व है। इस क्षेत्र में भी आगे बढ़ कर अपने माता-पिता व देश का नाम रोशन कर सकते है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि नेहरू स्कूल के पूर्व छात्र एवं असिस्टेंट प्रोफेसर निम्स युनिवर्सिटी, इंदौर डॉ गौरव पालीवाल ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने में जिज्ञासा का महत्व होता है, उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हमेशा प्रश्न पूछने की आदत डाले क्यों, क्या, कैसे, इन प्रश्नों ने ही मुझे आगे बढ़ने की मदद की। आज का समय तकनीक का है, एआई का है, हमें इनसे ज्यादा तेज भागना होगा। आज के वर्तमान समय में स्किल का बड़ा महत्व है, हर विद्यार्थी के लिए आवश्यक है कि वे पढ़ाई के साथ-साथ कोई ना कोई स्किल जरूर सींखे, यही आपका भविष्य निश्चित करेगी।

संस्था अध्यक्ष रविंद्रसिंह मंडलोई ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते है। अच्छे संस्कार, शिक्षा व अनुशासन से ही विद्यार्थी प्रगति कर सकते हैं। जिसका उदाहरण



आज समापन समारोह में अतिथि, जो कि विद्यालय के पूर्व छात्र है। संस्था अध्यक्ष रविन्द्रसिंह मंडलोई ने निवृत्तमान अध्यक्ष बीएल जैन के नागरिक अभिनंदन की जानकारी देते हुए बताया कि आज बड़े ही हर्ष का विषय है कि हम एक ऐसी शख्सियत का नागरिक अभिनंदन करने जा रहे है, जो सकारात्मक सोच, कर्मठता, उदारता की एक मिसाल है, हमारे अपने बीएल जैन, एडव्होकेट, जिनकी सोच है समस्याएं रूकावट नहीं, अवसर है निखरने के लिए। उनके द्वारा कई उल्लेखनीय कार्य अपनी कलम की ताकत से किए जो कि असंभव लगते थे, जैसे कि आगरा-मुंबई हाईवे रोड, खेतिया स्टेट हाईवे रोड, ऑनलाईन गेमिंग प्रतिबंधित बिल। साथ ही उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में इस समिति ने नई ऊंचाईयों को छुआ, वे सदैव नवाचार, विद्यार्थियों को अनुशासित व संस्कारित करने हेतु सदैव तत्पर रहते आए है।

निवृत्तमान अध्यक्ष बीएल जैन ने कहा कि जीवन तो सभी जीते है, किन्तु मानव जीवन सिर्फ जीने के लिए ही नहीं वरन् सेवा, त्याग व क्षमाशिलता के लिए होना चाहिए। जीवन का आधार ही कर्म है, यह हम पर निर्भर करता है कि हम किस तरह के कर्म करते है और यही हमें दिशा प्रदान करते है। साथ ही उन्होंने कहा कि मेरा यह उद्देश्य है कि मैं हमेशा सेवा कार्यो के लिए अग्रणी रहुंगा।

कार्यक्रम में विजय अग्रवाल ने अपनी पिता स्व मदनलालजी अग्रवाल की स्मृति में 351000 रूपये की राशि संस्था को देने की सहमति प्रदान की।

कार्यक्रम में नागरिक अभिनंदन प्रशस्ती पत्र का वाचन सुश्री स्वाति तिवारी ने किया। संचालन विद्यालयीन विद्यार्थी यश भारती व अथर्वी जोशी द्वारा किया गया। आभार संस्था प्राचार्य राहुल मंडलोई द्वारा माना गया।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष दिलीप कानूनगो, उपाध्यक्ष शैलेष कुमार जोशी, सचिव अशोककुमार सकलेचा, कोषाध्यक्ष दीपक लालका, सह सचिव मनोज कानूनगो, महेश सोनी, गोविंद मंगल, प्रहलाद यादव, शरद पालीवाल, विष्णुप्रसाद सिव्हल, विजय मालवीया, शरद कानूनगो, तेजस शाह, सुबोध सोनी, केसी पालीवाल, प्राचार्या डॉ भारती भट्ट, प्राचार्य हेमंत खेड़े, उप प्राचार्य देवेन्द्र कानूनगो तथा शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# 3 .50 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर. अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नारकोटिक्स सेल इंदौर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 35.80 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जब्त एमडी की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 3 लाख 50 हजार बताई जा रही है.**

उप पुलिस अधीक्षक संतोष हाड़ा के मार्गदर्शन में गठित टीम को इस संबंध में मुखबिर से सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 26 वर्षीय शाकिर उर्फ बल्लू पिता शफीउल्लाह, निवासी वार्ड क्रमांक 1, मकान नंबर 95, सुसनेर जिला आगर और उसके साथी 25 वर्षीय अल्फेज खान पिता समीउल्लाह खान, निवासी वार्ड नंबर 3, हवेली गली, सुसनेर जिला आगर को पकड़ा. तलाशी के दौरान दोनों आरोपियों के कब्जे से 35.80 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई. मामले में नारकोटिक्स थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है. नारकोटिक्स विंग आरोपियों से पूछताछ कर तस्करी के नेटवर्क और सप्लाई चेन की जांच में जुटी है.

### इनकी रही विशेष भूमिका...

इस कार्रवाई में थाना नारकोटिक्स सेल इंदौर के निरीक्षक हरीश सोलंकी, उप निरीक्षक आरती कटियार, प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश राठौर, पंकज जायभाय, आरक्षक अमीत सोलंकी, भूषण कामले, राजरतन टायड़े, प्रदीप पाल और आरक्षक चालक सुनील चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

## क्रेडिट कार्ड अपडेट के नाम पर 2 .47 लाख ऐंठे

**इंदौर.** शहर में साइबर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं. एरोड्रम क्षेत्र में एक व्यक्ति से खुद को बैंक अधिकारी बताकर ठग ने क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के नाम पर 2.47 लाख रुपये निकाल लिए.

एरोड्रम टीआई वरुण सिंह भाटी ने बताया कि फरियादी रमेश यादव, उम्र 46 वर्ष, निवासी 37 स्मृति नगर, छोटा बागड़दा रोड, इंदौर ने शिकायत दर्ज कराई है. फरियादी ने पुलिस को बताया कि 4 दिसंबर को किसी अज्ञात व्यक्ति ने खुद को एसबीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट का अधिकारी बताते हुए संपर्क किया. बातों में उलझाकर ठग ने फरियादी के क्रेडिट कार्ड से अलग अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 2 लाख 47 हजार रुपये निकाल लिए.

घटना की जानकारी मिलने पर फरियादी ने बैंक से संपर्क किया, तब धोखाधड़ी का खुलासा हुआ. पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. साइबर सेल की मदद से मोबाइल नंबर, कॉल डिटेल और बैंक ट्रांजेक्शन के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है

# निर्माणाधीन मकानों से लाखों का वायर चोरी, दो शातिर पकड़ाए

**इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र के राजाराम एवेन्यू तुलसी नगर में निर्माणाधीन मकानों से लाखों के बिजली वायर चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपियों को उज्जैन बायपास पर सिटिंगजोन ढाबा के पास से पकड़ा है. आरोपियों के कब्जे से करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत के 25 बंडल बिजली वायर और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की गई है.**

थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि राजाराम एवेन्यू तुलसी नगर स्थित मकान नंबर 9, 10 और 11 का निर्माण कार्य चल रहा है. साइट पर इलेक्ट्रिक वायरिंग के लिए मंगवाए गए वायर के बंडल और अन्य इलेक्ट्रिक सामग्री अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए. फरियादी की रिपोर्ट पर



पुलिस ने मामला दर्ज कर विशेष टीम गठित की. टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्य जुटाए. इसी बीच सूचना मिली कि दो युवक चोरी किए गए वायर के बंडल बेचने के लिए उज्जैन जा रहे हैं. सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर उज्जैन बायपास स्थित सिटिंगजोन ढाबा के पास से दोनों को दबोच लिया.

### आरोपियों पर उज्जैन जिले में दर्ज हैं कई प्रकरण

पूछताछ में आरोपियों ने लसूडिया क्षेत्र से चोरी करना कबूल किया, साथ ही अन्य स्थानों पर भी इसी तरह की वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की. गिरफ्तार आरोपियों में बलराम जाट पिता बाबूलाल जाट (28), निवासी छोटी मायापुरी उज्जैन और अमन पिता गोपाल राठौर (23), निवासी अंबर कॉलोनी उज्जैन शामिल हैं. पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है और उनसे अन्य चोरी के मामलों को लेकर पूछताछ की जा रही है. पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से भी उज्जैन जिले के विभिन्न थानों में चोरी के कई प्रकरण दर्ज हैं.

**एक नजर में** — कई वर्षों पुरानी है दूषित पानी की समस्या, जानबूझकर किया जा रहा अनदेखा

# स्वर्ण बाग कॉलोनी में नलों से गंदा और कीड़े युक्त पानी आ रहा



**इंदौर.** अव्यवस्था और दूषित पानी को लेकर पिछले कुछ दिनों से शहर में हाहाकार मचा हुआ है. हालांकि, दूषित पानी की समस्या कई वर्षों पुरानी है, जिस पर जानबूझकर अनदेखी की गई है और करोड़ों के बजट को आरपार कर दिया गया. वर्षों से चली आ रही मूलभूत समस्याओं पर उचित ध्यान नहीं दिया गया है. जब नागरिक बुनियादी सुविधाओं, जैसे स्वच्छ पानी से वंचित होते हैं, तो यह सीधे तौर पर जन स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है. यह आवश्यक है कि प्रशासन इन समस्याओं को प्राथमिकता दे और यह सुनिश्चित करे कि आवंटित बजट का उपयोग नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी ढंग से किया जाए.

भागीरथपुरा कांड के बाद वार्ड क्रमांक 37 से भी दूषित पानी की समस्या सामने आई है. यह वार्ड पूर्वी रिंग रोड के पश्चिम क्षेत्र से एमआईजी चौराहा के बीच में पड़ता है. वार्ड के स्वर्ण बाग कॉलोनी के रहवासियों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से क्षेत्र में दूषित पानी की समस्या बनी हुई है, जिसका निराकरण आज तक नहीं हो पाया है. रिंग रोड के नजदीकी पडने वाली पहली गली के रहवासी बताते हैं कि सुबह पौन घंटे नल चलते हैं, जिसमें से 15 मिनट पानी दूषित आता है, बाकी पानी को पीने योग्य बनाया जाता है. अगर पानी की किल्लत क्षेत्र में बढ़ती है तो लोग बोरिंग से पानी लेते हैं. बोरिंग पर अधिक भार होने के कारण कई बार मोटर जल जाती है और कई-कई दिनों तक ठीक नहीं कराई जाती परिणामस्वरूप बोरिंग भी बंद पड़ा रहता है. ऐसी स्थिति में रहवासियों को आसपास के क्षेत्र में जाकर पानी की व्यवस्था करना पड़ती है.

### यह बोले स्वर्ण बाग कॉलोनी के रहवासी...



पहले इतना गंदा पानी आता था कि सभी बोरिंग पर निर्भर थे, अभी 7 से 7.45 बजे तक नल आते हैं, जिसमें शुरुआत में बहुत ज्यादा दूषित पानी आता है, फिर बाद में साफ पानी आता है.

**- विजय सिंह**



दूषित पानी के बाद यूं तो साफ पानी आने लगता है, परंतु उसमें भी कई बार कीड़े नजर आते हैं. दूषित पानी की समस्या को देखते हुए आशंका है कि बहुत जल्दी भागीरथपुरा जैसी घटना यहां भी हो सकती है.

**- गौतम राजपूत**



नलों से बहुत ही ज्यादा बदबूदार पानी आता है, जिसमें कीड़े बिलबिलाते रहते हैं. साफ पानी में कीड़े नजर नहीं आते. पानी को इस्तेमाल करने के लिए उसे उबालकर रखते हैं. इस समस्या का जल्दी से जल्दी निराकरण होना चाहिए.

**- आनंद राजपूत**

### तुरंत पाइप लाइन चेक करवाकर समस्या का निराकरण किया जाएगा



दूषित पानी को लेकर जहां से भी शिकायत आती है, हम चेक करवाते हैं. आप जिस स्थान का बता रहे हैं, वहां लोगों से बात कर तुरंत पाइप लाइन चेक करवाई जाएगी, ताकि समस्या का निराकरण जल्दी हो सके.

**- संगीता जोशी, पार्षद**